कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

बालको जोन

फा.क्र./2256, 2257, 2262, 2260 एवं 2261/निर्माण (बालको जोन)/2026–27/ कोरबा, दिनांक 26.10.2026

निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित **कार्य क्र. 01 से 03 तक के लिए** प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित **PWD Building SOR 10.06.2026, कार्य क्र. 04 से 05 तक के लिए PWD Building SOR 10.06.2026 & PWD Electrical SOR 10.06.2026** से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर शैड्युल अनुसार एवं आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहर बंद लिफाफें में निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि – दिनांक 17.11.2026 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – दिनांक 17.11.2026 सायंकाल 4:30 बजे तक

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि में	धरोहर राशि रू में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा प्रपत्र	कार्यावधि	ठेकेदार का वर्ग	निविदा खुलने की अंतिम तिथि
1.	वार्ड क्र. 40 पाड़ीमार क्र.–01 के केसरवानी दुकान से केवट के घर तक नाली निर्माण कार्य **(निगम मद, प्रथम निविदा)**	**3,36,269/-**	**3,400/-**	**750/-**	**Form-A**	04 माह	सक्षम श्रेणी	**17.11.2026**
2.	वार्ड क्र. 46 अंतर्गत बेलगिरी बस्ती में भुवन घर से अघन बाई घर तक आर.सीर.सी. नाली एवं सी. रोड का निर्माण कार्य **(पार्षद मद 2026–27, प्रथम निविदा)**	**5,93,219/-**	**4,450/-**	**750/-**	**Form-A**	04 माह	सक्षम श्रेणी	**17.11.2026**
3.	वार्ड क्र. 42 अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेन्टर दैहानपारा में पहुँच मार्ग कार्य **(निगम मद, प्रथम निविदा)**	**3,38,956/-**	**3,400/-**	**750/-**	**Form-A**	04 माह	सक्षम श्रेणी	**17.11.2026**
4.	वार्ड क्र. 47 अंतर्गत रूमगरा बालको उपरपारा नवधा पंडाल का मरम्मत एवं 01 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य (**पार्षद मद 2026–27, प्रथम निविदा)**	**5,93,204/-**	**4,450/-**	**750/-**	**Form-A**	04 माह	सक्षम श्रेणी	**17.11.2026**
5.	वार्ड क्र. 42 दैहानपारा अंतर्गत निर्मित श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम के पास सामुदायिक भवन का विकास कार्य **(एल्डरमेन मद, प्रथम निविदा)**	**5,76,060/-**	**4,350/-**	**750/-**	**Form-A**	04 माह	सक्षम श्रेणी	**17.11.2026**

निविदा की शर्तें:–

1. निविदा दरे प्रचलित एस.ओ.आर. से कम या अधिक प्रतिशत दरों पर दिया जावे एस.ओ.आर. के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. निविदा के दस्तावेज हाथो–हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा आई.टी.आई. कॉलोनी रामपुर, कोसाबाड़ी जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
3. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनॉक तक समस्त संशोधनों के साथ) आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
4. निविदा प्रपत्र मुहर बंद लिफाफे में मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगा:–
   (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र भुल्क का डीडी, **निविदाओं में निविदाकार को फिजिकल दस्तोवज के साथ निविदा सूचना प्रसारित होने के पश्चात राशि रूपये 100/– के स्टाम्प पेपर पर निष्पादित शपथ पत्र जिसमें संबंधित कार्य का नाम एवं कार्य के निविदा क्रमांक अंकित हो प्रेषित करना अनिवार्य होगा एवं** अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   (ब) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनो लिफाफाएँ होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
5. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
6. निविदा हेतु इच्छुक ठेकेदारों को उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकरी पिछले 03 वित्तीय वर्षों का **आय चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, वैध जी.एस.टी. (जीवित) पंजीयन एवं प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अंतर्गत (वर्तमान तक वैधता) एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम रायपुर से पंजीयन कराकर कोड प्राप्त कर लिया गया हो वे निविदाकार ही निविदा हेतु पात्र होंगे। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ई.पी.एफ.) एवं विभिन्न प्रावधानों की धारा 1952 के तहत् निविदाकार का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है साथ ही निविदा आमंत्रण दिनांक से विगत 03 माह की अवधि में जमा किये गये TRRN Payment Details चालान की प्रति प्रस्तुत करना** एवं विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में ठेकेदार के हस्ताक्षर सहित निविदा दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. EPF (फॉर्म 5A के साथ) और ESIC का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट EPF और ESIC के भुगतान से संबंधित पिछले तीन महिनों की पेमेंट रसीद/चालान की कॉपी लगाना अनिवार्य है।
8. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।
9. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्थल का स्वयं निरीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।
10. निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएँ स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
11. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर संबंधी लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
12. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
13. शासन के विभिन्न विभागों जैसे:– खनिज विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
14. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
15. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध निविदा शर्तानुसार एवं मेयर इन काउंसिल के निर्णयों के अनुरूप कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
16. सफल निविदा दाता से अनुबंध के समय अतिरिक्त परफार्मेंस राशि जमा कराई जावेगी जबकि निविदा की दरों में काफी कमी हो जैसे निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से अधिक निविदा दर होने पर सफल निविदादाता को निविदा दर एवं

अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./टी.डी.आर. ऑफिस, टाईम डिपॉजिट अथवा एन.एस.सी. जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा के नाम से देय होगा, जो मांग तिथि से **15 दिवस** के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि को जमा न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

17. सम्पूर्ण किये गये कार्यों के लिये **5 प्रतिशत** सुरक्षा राशि रनिंग देयको के साथ 01 वर्ष हेतु साथ ही मरम्मत एवं संधारण प्रकृति के कार्यो को छोड़कर शेष कार्यो के देयकों से **5 प्रतिशत दर से पृथक से 03** वर्ष की गारंटी के लिये परफार्मेंस सिक्यूरिटी के रूप में रोकी जावेगी। सुरक्षा राशि एवं परफामरेंस गारंटी राशि वापिसी हेतु समयावधि की गणना कार्य पूर्णता तिथि से किया जावेगा। उक्त समयावधि में निर्माण कार्य की भौतिक स्थिति सही होने तथा सक्षम प्राधिकारी के सन्तुष्टि के आधार पर भुगतान किया जावेगा।
18. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा भार्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तद्अंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का **1 प्रतिशत उपकर** के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
19. निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में किये जा रहे कार्यों का विवरण राशि रू. 100/– नान् ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर निष्पादित शपथ पत्र निविदा दस्तावेजों के के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
20. ईंट से संबंधित निर्माण कार्यों मे फ्लाई ऐश ब्रिक्स का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
21. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
22. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
23. इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत कीमत बढ़ने (Price Escalation) से जुड़ी क्लॉज 11 की व्यवस्था लागू नहीं होगी। प्रोजेक्ट की पूरी अवधि के दौरान मटेरियल की लागत, मजदूरी या किसी अन्य इनपुट में उतार चढ़ाव सहित किसी भी कारण से कॉन्ट्रैक्ट की कीमत में कोई बढ़ोतरी या इजाफा नही दिया जाएगा।
24. निविदा में सफल निविदाकारों को ऐसे कार्य जिसकी अनुबंध राशि 10.00 लाख या उससे अधिक है उनको प्रत्येक कार्यो हेतु पृथक से छ.ग. भवन और सन्निर्माण कर्मकार मण्डल का पंजीयन का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा देयक भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।
25. कार्य क्रियान्वयन से संबंधित गुणवत्ता परीक्षण संबंधी रिपोर्ट पर होने वाले व्यय का वहन संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जावेगा।
26. ठेकेदार को निर्माण कार्य के दौरान **"निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016"** में किये गये प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।
27. ठेकेदार द्वारा संपादित किये गये कार्यो के देयकों का भुगतान बजट आबंटन और राशि उपलब्ध होने पर किया जावेगा।
28. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
29. कोई भी निविदाकार जिसे केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (PSU) अर्बन लोकल बॉडी (ULB) या किसी सरकारी विभाग ने बोली जमा करने की आखिरी तारीख तक डिबार (Debarred), ब्लैकलिस्ट, बैन या सस्पेन्ड किया है, वह इस बोली में हिस्सा लेने के लिए योग्य नहीं होगा। मूल्यांकन के चरण के दौरान अगर यह पता चलता है कि बिडर ने अपनी योग्यता से जुड़ी जरूरी जानकारी छिपाई है तो फर्म को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उनकी फाइनेंशियल बिड नही खोली जाएगी।
30. निविदा जमा करने की समय–सीमा से पहले, नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.) के कमिश्नर संशोधन जारी करके निविदा दस्तावेज में बदलाव कर सकते है। इस तरह जारी किया गया कोई भी संशोधन निविदा का हिस्सा होगा और वेबसाईड पर प्रकाशित किया जाएगा)
31. निविदाकार को NIT या टेन्डर दस्तावेज में कहीं और बताई गई जरूरतों के अनुसार टेक्निकल टेन्डर के साथ सभी दस्तावेज/जानकारी जमा करनी होगी, अन्यथा बोलियां अस्वीकार कर दी जाएगी।
32. बिल ऑफ क्वांटिटीज (BOQ) में बताई गई दरें CGPWD SOR 2026 पर आधारित है, और इनमें गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स (GST) शामिल नहीं है, इसलिए बोली लगाने वाले को केवल GST को छोड़कर वित्तीय ऑफर जमा करना होगा। मौजूदा दरों के अनुसार लागू GST का भुगतान रनिंग अकाउंट (R.A.) बिल और फाईनल बिल में अलग से किया जाएगा, बशर्ते वैध GST इनवॉइस जमा किया जाए और GST एक्ट और नियमों के तहत सभी लागू कानूनी प्रावधानों का पालन किया जाए। इस क्लॉज के प्रावधान केवल उपर बताई गई दरों की अनुसूची (Schedule of Rates) पर आधारित कार्यो पर लागू होगें।

    उपर बताया गया नियम CG PWD SOR 2026 के आधार पर तैयार किये गये अनुमानों पर लागू होगा। हालॉकि, CG PWD SOR 2015 के आधार पर तैयार किये गये अनुमानों के मामले में दरों में GST और अन्य सभी लागू कर शामिल है। इसलिए ऐसे मामलों में बोली लगाने वाले को GST और अन्य सभी लागू करों को मिलाकर अपनी दरें प्रस्तुत करनी होगी।
33. भारत के किसी राष्ट्रीय या अनुसूचित बैंक की FDR/TDR के रूप में अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) जो कमिश्नर, नगर पालिक कोरबा के पक्ष में हो और जिला–कोरबा (छ.ग.) में देय हो। सफल बोली लगाने वालों की अर्नेस्ट मनी को सिक्योरिटी डिपॉजिट के हिस्से के तौर पर रखा जाएगा।
34. वैध GST/CGST रजिस्टेशन की कॉपी, जो मुख्य तारीखों के अनुसार बिड की अंतिम तारीख तक वैध होनी चाहिए, अन्यथा खोलने के समय टेन्डर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
35. इंजीनियर के अपॉइंटमेंट लेटर का दस्तावेजी सबूत जिस पर सही तारीख हो और अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रमाणित हो, साथ ही संबंधित योग्यता प्रमाण पत्र और फोटो सहित परिचय पत्र संलग्न करना होगा।
36. वर्क ऑडर जारी होने के बाद सफल बोली लगाने वाले को संबंधित सरकारी विभागों के सभी लागू नियमों और कानूनी का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा, जिसमें माईनिग लेबर लॉ, इनकम टैक्स, गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स (GST) और अन्य कानूनी दायित्व शामिल है, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं है। प्रोजेक्ट की पूरी अवधि के दौरान इन नियमों का पालन करने के लिए बोली लगाने वाला ही पूरी तरह जिम्मेदार होगा।
37. सफल बोली लगाने वाले को बिल्डिंग एण्ड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स (रेगुलेशन ऑफ एम्पलॉयमेंट एण्ड कंडीशंस ऑफ सर्विस) एक्ट 1996 के तहत खुद को अनिवार्य रूप से रजिस्टर कराना होगा। रनिंग और फाईनल बिल की प्रोसेसिंग के लिए ऐसे रजिस्ट्रेशन का सबूत जमा करना होगा। इसके अलावा लागू होने पर हर रनिंग और फायनल बिल से 1% की दर से लेबर सेस काटा जाएगा।
38. वर्क ऑडर जारी होने पर सफल बिडर को कंस्ट्रक्शन एण्ड डिमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 के सभी नियमों का पालन करना होगा।

प्रतिलिपि :–

1. **प्रोग्रामर, संचालनायलय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय अटल नगर नया रायपुर (छ.ग.) को uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।**

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

हस्ताक्षर –
फर्म का नाम –
पता –
मोबाई नंबर –

ICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA (C.G.)

ABSTRACT

: APPROCH ROAD FOR SLRM CENTER DAIHANPARA WN 42

: SCHEDULE OF RATES PUBLIC WORKS DEPARTMENT [PWD BUILDING-10.06.2026]

.EF	ITEM DESCRIPTION	UNIT	QTY	RATE	AMOUNT
1.1	Excavation for all types and sizes of foundations, trenches and drains or for any other purpose including disposal of excavated stuff upto 1.5 m lift and lead upto 50m (at least 5m away from the excavated area), including dressing and leveling of pits.				
.1.1	In all types of soils.	cum	40	157.00	6,280.0
1.18	Providing and filling in plinth with sand/ Crusher dust and hard moorum under floor in layers not exceeding 20cm in depth consolidating each deposited layer by ramming and watering, including dressing etc. complete.	cum	40	315.00	12,600.0
3.1	Providing and laying nominal mix plain cement concrete with crushed stone aggregate using concrete mixer in all works upto plinth level excluding cost of form work.				
.1.3	1:3:6 (1 cement : 3 coarse sand : 6 graded stone aggregate 40mm nominal size).	cum	40	2525.00	101,000.0
.1.5	1:1½:3 (1 cement : 1½ coarse sand : 3 graded stone aggregate 20mm nominal size).	cum	60	3462.00	207,720.0
1.17	Filling from available excavated stuff (Excluding rock) in trenches, plinth, sides of foundation etc. in layers not exceeding 20cm in depth consolidating each deposited layer by ramming and watering with a lead upto 50 M. and lift upto 1.5 M.	cum	72	55.00	3,960.0
1.19	Providing filling and compacting local earth (from approved source pit) in layers not exceeding 20cm in depth consolidating each deposited layer by ramming and watering, including dressing etc. complete.	cum	14	206.00	2,884.0
1.26	Carriage by mechanical transport upto 5 km lead:				
26.1	Earth	cum	48	94.00	4,512.0

As per Estimate Amount Rs.	**338,956.0**
GSTAdd Above 18 %	**61,012.0**
Grand Total Rs.	**399,968.0**
Say Rs.	4.00 लाख

Sub Engineer
Nagar Palik Nigam,
Korba (C.G.)

Assistant Engineer
Nagar Palik Nigam,
Korba (C.G.)